सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6000	06.11.2020	10.11.2020	Amroha Uttar Pradesh	www.livehindustan.com/Hindi https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/amroha/story-fever-dengue-caused-havoc-in-amroha-increased-risk-of-infection-3613170.html

Title:	**Dengue cases reported in district Amroha, Uttar Pradesh**
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Amroha, SSU- Uttar Pradesh

बुखार व डेंगू के बढ़ते प्रकोप से आबादी के बीच बैचेनी है। ठंड का मौसम शुरू होने के बाद भी डेंगू का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। कोरोना संक्रमण के साथ डेंगू ने भी पैर पसार दिए हैं। निजी अस्पतालों में कई लोगों का इलाज चल रहा है। सीएचसी में भी बुखार के मरीजों की दिनभर भीड़ लग रही है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बावजूद संक्रामक रोगों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

प्रदेश सरकार ने संक्रामक रोगों पर अंकुश लगाने के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया था। इसके तहत गांवों में लोगों को संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया जाना था। आरोप है कि अभियान धरातल से दूर कागजों में सिमटकर रह गया है। यही वजह है कि अब डेंगू व बुखार का प्रकोप कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोंसाई व भीकनपुर सुमाली में बुखार से सैकड़ों ग्रामीण पीड़ित हैं। इनमें से कई मरीजों का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जो डेंगू आशंकित हैं। सलेमपुर गोंसाई निवासी रंजीत सिंह बीते तीन दिन से बुखार से पीड़ित हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

उनका गजरौला के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसके अलावा उनके चाचा कमल कुमार भी बुखार से पीड़ित थे, दो दिन पहले ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। दो दिन पहले इसी गांव निवासी डेंगू आशंकित चंद्र प्रकाश तिवारी की भी मौत हो चुकी है। बढ़ते डेंगू व बुखार के प्रकोप से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

ठंड का मौसम शुरू हो गया है। अब डेंगू का प्रकोप खुद ही कम हो जाएगा। डेंगू का वायरस ठंड में बेअसर हो जाता है। ग्रामीणों को जागरुक करने की जिम्मेदारी आशाओं को दी गई है। वह रोजाना ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरुक कर रही हैं।

डा.योगेंद्र सिंह, सीएचसी अधीक्षक